बाबा अब तो बुला लो ना द्वार भजन लिरिक्स

बाबा अब तो बुला लो ना द्वार,
दर तेरे आने को तरसे है ये दिल,
तड़पे है बारम्बार,
बाबा अब तो बुलालों ना द्वार।bd।

ये भी देखें – बुला लो मुझको खाटू में।

बैठ गए हो खाटू नगरिया,
भक्तों को काहे सताये,
ना संदेस ना कोई खबरिया,
ग्यारस भी छूटी जाए,
डूब जायेगा प्रेमी ये तेरा,
अब तो सुन लो पुकार,
बाबा अब तो बुलालों ना द्वार।bd।

भर भर बुलाये खाटू की गलियां,
मुझको ही क्यों ना बुलाये,
छट पट तड़पे प्रीत हमारी,
'अज्जू' के आंसू रोए,
मोरछड़ी लहरा दो बाबा,
कट जाए संकट हज़ार,
बाबा अब तो बुलालों ना द्वार।bd।

दर तेरे आएं तो कस के पकड़ना,
छूटे ना मेरो हाथ,
नाम जगत में वैसे ही तेरो,
हारे को देता तू साथ,
मैं हारयो तो हारे को तू ही,
कर दीजो बेड़ो पार,
बाबा अब तो बुलालों ना द्वार।bd।

बाबा अब तो बुला लो ना द्वार,
दर तेरे आने को तरसे है ये दिल,
तड़पे है बारम्बार,
समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बाबा अब तो बुलालों ना द्वार।bd।

Singer – Ankit Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com